# मेरे श्याम तेरे नाम का ही डंका बाजे रे

मेरे श्याम तेरे नाम,
का ही डंका बाजे रे,
तेरे आगे झुकते बाबा,
राजे और महाराजे रे।bd।

तर्ज – दीनानाथ मेरी बात।

---

सांवरिया जो नाम तेरा,
ले लेता है प्यार से,
उस प्रेमी को डर है कैसा,
बाबा इस संसार से,
हर प्रेमी के मन में बाबा,
तू ही तू विराजे रे,
तेरे आगे झुकते बाबा,
राजे और महाराजे रे।bd।

---

बाबा तेरा रूप मैं,
जी भर के निहार लूँ,
भीगे नैनो से मैं तेरी,
आरती उतार लूँ,
गेंदा और गुलाब से,
सांवरिया तू साजे रे,
तेरे आगे झुकते बाबा,
राजे और महाराजे रे।bd।

---

लीले पे सवार होके,
जब तू चले शान से,
चाँद और सितारे देखें,
तुझे आसमान से,
लीले के पाँव के घुंघरू,
छमछम छमछम बाजे रे,
तेरे आगे झुकते बाबा,
राजे और महाराजे रे।bd।

---

मेरे श्याम तेरे नाम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

का ही डंका बाजे रे,
तेरे आगे झुकते बाबा,
राजे और महाराजे रे।bd।

**Singer – Chhavi Kashyap**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com